

वनडे सीरीज की शुरुआत 6 फरवरी से

वनडे सीरीज की शुरुआत 6 फरवरी से होगी। दूसरा वनडे मैच 9 फरवरी को और तीसरा और आखिरी मैच 11 फरवरी को खेला जाएगा। तीनों मैच गुजरात के अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत और वेस्टइंडीज टी–20 सीरीज 16 फरवरी से शुरू होगी। दूसरा टी–20 मैच 18 फरवरी को खेला जाएगा और तीसरा और अंतिम 20 फरवरी को खेला जाएगा। पूरी टी–20 कोलकाता के ईडन गार्डन में खेली जाएगी।

## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में पहले वनडे में इतिहास रचेगी टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया इतिहास रचेगी। वह वनडे क्रिकेट में 1000 मैच खेलने वाली पहली टीम बन जाएगी। भारत ने अब तक 999 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इनमें से उन्होंने 518 जीते हैं और 431 हारे हैं, नौ मैच ड्रा रहे हैं और 41 में कोई नतीजा नहीं निकला है। टीम का जीत प्रतिशत 54.54 प्रतिशत है। कुल नौ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीमों ने 500 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिनमें से सिर्फ दो की जीत का प्रतिशत भारत से बेहतर है। आस्ट्रेलिया का जीत 63.66 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 63.75 प्रतिशत है। आस्ट्रेलिया ने 958 मैच खेले हैं। इनमें 581 जीते हैं और 334 हारे हैं, नौ मैच ड्रा रहा और 34 का कोई नतीजा नहीं निकला। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने 638 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 391 जीते और 221 हारे हैं। 20 का कोई नतीजा नहीं निकला। 500 से अधिक मैच खेलने वाली अन्य छह टीमों में पाकिस्तान 936, श्रीलंका 870, इंग्लैंड 761, न्यूजीलैंड 775, वेस्टइंडीज 834 और जिम्बाब्वे 541 मैच खेला है।

# 9 साल बाद आईपीएल में खेलने के लिए नीलामी में उतरेंगे श्रीसंत

क्रिकेट

### बेस प्राइस 50 लाख रुपए, 38 साल के श्रीसंत के नाम आईपीएल में 40 विकेट हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन से पहले 12 और 13 फरवरी को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। बेंगलुरु में होने वाली इस नीलामी में 590 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। जिसमें 228 कैप्ड और 355 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इनके अलावा सात असोसिएट देश के भी खिलाड़ी होंगे। इस लिस्ट में 2013 में आखिरी बार आईपीएल खेलने वाले भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का भी नाम है। उनका बेस प्राइज 50 लाख रुपए हैं, यानी कोई भी टीम उन्हें खरीदना चाहती है तो उसे कम से कम 50 लाख रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

श्रीसंत ने पिछले साल भी नीलामी में अपना नाम दिया था, लेकिन उन्हें शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया। इस बार फ्रेंचाइजी ने उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। इस बार अंतिम सूची में अपना नाम आने के बाद श्रीसंत ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, 'आप सभी को प्यार, आप सभी का शुक्रिया अदा नहीं कर सकत। बहुत बहुत धन्यवाद, हमेशा आप में से सभी के लिए आभारी रहूंगा। कृपया मुझे अंतिम नीलामी के लिए अपनी प्रार्थनाओं में रखें। ओम नमः शिवाय।



स्पॉट फिक्सिंग के आरोप की वजह से श्रीसंत करीब 8 साल तक क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वे आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के अलावा पंजाब किंग्स और टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी कोच्चि टस्कर्स केरला के लिए भी खेल चुके हैं। 38 साल के श्रीसंत ने 44 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 40 विकेट हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 29 रन देकर 3 विकेट है। उन्होंने भारत के लिए भी 27 टेस्ट, 53 वनडे और 10 टी20 खेले हैं। वे 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा था।

बैन हटने के बाद 2020/21 सीजन से श्रीसंत ने क्रिकेट के मैदान पर वापसी की थी। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में केरल के लिए मुकाबले खेले। अब देखने वाली बात होगी कि क्या 10 में से कोई फ्रेंचाइजी नीलामी में श्रीसंत पर दांव लगाती है या नहीं।

# टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज को याद आई धोनी की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया लेग स्पिनर युजवेंद्रा चहल ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अपने शुरुआती वर्षों में मिली सफलता का श्रेय दिया। यह उस समय की बात है जब वह और उनके साथी बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते थे। इस दौरान उन्होंने टी–20 क्रिकेट में सबसे महंगा स्पैल फेंका था तो कैसे धोनी ने उनका हौसला बढ़ाया था। इसके बारे में उन्होंने बताया है।

मामला दक्षिण अफ्रीका के 2018 दौरे की है, जब सेंचुरियन टी20 मैच के दौरान, चहल ने दक्षिण



अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवरों में कोई विकेट लिए बिना 64 रन दिए। हेनरिक क्लासेन ने 30 गेंदों में सात छक्कों के मदद से 69 रन बनाए, जिससे प्रोटियाज टीम ने 18.4 ओवर में 189 रन बनाकर मैच जीत लिया। यह सबसे छोटे प्रारूप में किसी भारतीय गेंदबाज का सबसे महंगा और कुल मिलाकर 10वां सबसे महंगा स्पैल था।

चहल ने संयोग से 2019 वनडे विश्व कप में बतौर भारतीय गेंदबाज सबसे महंगा स्पैल फेंकने का रिकार्ड बनाया। उन्होंने 2019 विश्व कप मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 10 ओवरों में 88 रन दिए थे। एमएस धोनी को स्टंप के पीछे से गेंदबाजों की मदद करने के लिए जाना जाता था और वे उन्हें विकेट के पीछे से काफी प्रोत्साहित करते थे। रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब शो श्डीआरएस विद ऐशश पर से बात करते हुए चहल ने बताया कि कैसे धौनी उनकी मदद करते थे। चहल ने कहा, एक बार मैंने दक्षिण अफ्रीका खिलाफ मैच में 64 रन दिया था। हेनरिक क्लासेन ने मेरी खूब पिटाई की। माही भाई ने मुझे राउंड द विकेट आने के लिए कहा था। मैंने वह किया और उसने मुझे मिड–विकेट पर सबसे बड़ी बाउंड्री पर छक्का लगाया।

## अंडर–19 स्तर से फर्स्ट क्लास तक जाने के लिए दोगुने प्रयास की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कूलिज (एंटीगा)। विराट कोहली विश्व स्तरीय बल्लेबाज बने, उन्मुक्त चंद शुरुआत में प्रतिभा दिखाने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मनजोत कालरा का सीनियर करियर चार साल में अच्छी तरह शुरू भी नहीं हो पाया। यह अपने समय के भारत के स्टार जूनियर क्रिकेटरों की कहानी है जो सभी भारत की राजधानी के रहने वाले हैं और इन सभी की कहानी अलग है। भारत की मौजूदा आईसीसी अंडर–19 विश्व कप टीम के कप्तान यश ढुल के सामने ये सभी उदाहरण मौजूद हैं। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर–19 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले कप्तान ढुल ने इस तथ्य को नहीं छिपाया कि असल चुनौती इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के बाद शुरू होगी। ढुल ने सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, 'इस स्तर के बाद हमें दोगुनी कड़ी मेहनत करनी होगी तथा और अधिक सुधार की जरूरत है। हमें प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी और नियमित रूप से अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिससे कि अंडर–19 स्तर से प्रथम श्रेणी स्तर का सफर पर्याप्त तेजी से हो और इसके बदले में हमें जल्दी टीम में चुना जाए।

## न्यूज डायरी



### मोहम्मद सिराज ने कमाई से आईफोन 7 प्लस और सेकंड हैंड कार खरीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने छोटे से करियर में टीम इंडिया में खास मुकाम बनाया है। उन्होंने आईपीएल से अपनी पहचान बनानी शुरू की और इसके बाद भारतीय क्रिकेट की पेस बैटरी का अहम हिस्सा बने। 2017 में पहली बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा लेकिन अगले ही साल से वह रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम में शामिल हो गए। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से हाल ही में जारी किए गए पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि कैसे आईपीएल ने उनके जीवन को बदल दिया। इसी तरह उन्होंने बताया कि आईपीएल ने उनके जीवन को बेहतर बनाया। उन्होंने बताया कि आईपीएल में चुने जाने के बाद उन्होंने अपने आप को सबसे पहले कौन सा गिफ्ट दिया था। हैदराबाद के इस पेसर ने बताया कि उन्होंने आईपीएल की पहली कमाई से अपने लिए आईफोन 7 प्लस खरीदा था और परिवार को सेकंड हैंड करोला कार खरीदकर दी थी।

### आस्ट्रेलियाई टीम के पाकिस्तान जाने को लेकर जोश हेजलवुड ने जताई चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि अगर उनकी टीम से कुछ खिलाड़ी सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं करना चाहते हैं तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। आस्ट्रेलिया के मार्च में पाकिस्तान का दौरा करने वाला है। 1998 के बाद यह पहली बार होगा जब कंगारू टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी। तेज गेंदबाज ने कहा कि बहुत सी चीजें हैं और क्रिकेट आस्ट्रेलिया (ब।) और आस्ट्रेलिया क्रिकेटर्स एसोसिएशन (।ब।) ने दौरे को लेकर बहुत काम किया है। इसलिए खिलाड़ियों को इसपर काफी भरोसा है, लेकिन निश्चित रूप से खिलाड़ियों की कुछ चिंताएं होंगी और आश्चर्य नहीं होगा अगर उनमें से कुछ दौरा नहीं करते हैं। यह उचित भी है। लोग अपने परिवारों के साथ इस पर चर्चा करेंगे और जो भी फैसला होगा उसका हर कोई इसका सम्मान करेगा। आस्ट्रेलिया के पाकिस्तान दौरे में तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी20 मैच शामिल होंगे। बता दें कि पाकिस्तान में सुरक्षा हालात ऐसे हैं कि टीमें वहां का दौरा करने से कतराती हैं।

### अफगानिस्तान को हराकर इंग्लैंड 24 साल बाद अंडर 19 विश्व कप फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नॉर्थ साउंड। इंग्लैंड ने अफगानिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 15 रन से हराकर 24 साल के इंतजार को खत्म करते हुए आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पिनर रेहान अहमद ने 46वें ओवर में तीन विकेट लिए जब अफगानिस्तान को आखिरी दस गेंद में 18 रन बनाने थे। दो साल पहले दक्षिण अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रही इंग्लैंड टीम ने जबर्दस्त वापसी की है। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम अब कूलिज में तीसरे स्थान का मुकाबला खेलेगी। बारिश के कारण दो सुपर लीग सेमीफाइनल का पहला मैच देर से शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत की और साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल में 88 रन बनाने वाले जैकब बेथेल को नावीद जदरान ने सस्ते में पगबाधा आउट कर दिया।

### मुझे सचिन तेंदुलकर को बॉलिंग करना बिलकुल पसंद नहीं था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने खुलासा किया है कि उन्हें सचिन तेंदुलकर को गेंदबाजी करना बिलकुल पसंद नहीं था। उन्होंने कहा कि अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान वह सचिन को गेंदबाजी नहीं करना चाहते थे क्योंकि उनकी तकनीक बहुत शानदार थी। सचिन और ब्रेट ली के बीच क्रिकेट के मैदान पर जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखी जाती थी। ब्रेट ली ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत भारत के खिलाफ ही की थी। उन्होंने 1999 में मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में डेब्यू करते हुए उन्होंने कमाल की बोलिंग की थी। ली ने अपने पहली ही पारी में पांच विकेट लेकर भारत को करारा झटका दिया था।